Front Page: 1


बिहार आमोत्सव 2024
15-16 जून
स्थान : राजभवन, पटना
राजभवन, पटना
बिहार आमोत्सव 2024
स्वाद, संस्कृति एवं समृद्धि का उत्सव
दिनांक : 15-16 जून, 2024 | स्थान : राजभवन, पटना
सौजन्यः- कृषि विभाग, बिहार, पटना एवं बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर

# उद्देश्य

बिहार राज्य में आम की विविधता प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है जिसकी जानकारी आम उत्पादन किसानों को न होने के कारण कुछ ही आम के प्रजाति का उत्पादन किया जा रहा है। बिहार की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध रही है, जहाँ आम की किस्मों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है, जिनमें हर आम का अपना अनूठा स्वाद, सुगंध और बनावट है। आम उत्पादक और कृषि व्यवसायओं के लिए बाजार के अवसर सृजित करके आर्थिक विकास के साथ-साथ उद्यमिता को विकसित करना भी प्रदर्शनी का उद्देश्य है। ग्रामीण युवा को स्वरोजगार का अवसर उत्पन्न करने के लिए आम प्रसंस्करण, पैकेजिंग और निर्यात गतिविधियों में निवेश की जानकारी उपलब्ध कराया जायेगा। ''बिहार आमोत्सव 2024'' के आयोजन से बिहार में पाये जाने वाले आम की विभिन्न किस्मों को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा तथा आम उत्पादक किसान/वैज्ञानिक अच्छे किस्मों को संग्रहित एवं संरक्षित कर सकेंगे।

## नियमावली

1. बिहार राज्य के सभी क्षेत्रों के फल उत्पादक एवं संबंधित संस्थाएँ तथा नर्सरियाँ इसमें भाग ले सकते हैं।
2. एक प्रतिभागी किसी हर खण्ड में, भाग ले सकते हैं जिसके लिए प्रदर्श पत्र पर जिला लिखा होना अनिवार्य है। अगर एक वर्ग में कई किस्मों का जिक्र है तो उसमें एक प्रतिभागी हर किस्म में भाग ले सकते है।
3. प्रदर्श लाने के लिए किसी प्रकार का खर्च नहीं दिया जायेगा।
4. प्रदर्शन में लाई जाने वाली वस्तु प्रतिभागी के अपने खेत या बाग का होना अनिवार्य है और इसके लिए उन्हें प्रवेश पत्र में प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा।
5. प्रवेश पत्र के साथ प्रदर्श वस्तु निर्धारित तिथि एवं समय में अवश्य पहुँच जानी चाहिए। विलम्ब से आई वस्तुएँ स्वीकार नहीं की जा सकेगी।
6. हर प्रदर्श की उतनी ही संख्या प्रदर्शनी में रखें जितना नियमावली में दिया गया है। कम या अधिक नहीं होना चाहिए। किसी एक प्रवेश में दिये गए फल एक प्रकार के हों और खाने योग्य पका, स्वादिष्ट, सुन्दर तथा स्वस्थ हों। तेल बगैरह नहीं लगावें। धोकर पोछ सकते है।
7. प्रतिभागियों को केवल प्रमाण पत्र दिए जाऐंगे।
8. आम के फल से बने पदार्थो को रंगहीन (सफेद) शीशा के बर्त्तन में लायें। उसका ढक्कन यदि धातु का हो तो साफ सुथरा बिना जंग का हो। अगर कार्क लगा हो तो वह भी साफ हो। उसमें वस्तु की मात्रा सही हो।
9. किसी भी प्रदर्श वस्तु पर अपना नाम नहीं लिखें। प्रवेश देने के बाद, दो कार्ड मिलेंगे जिनपर प्रवेश संख्या, वर्ग, खण्ड आदि लिखा होगा। एक कार्ड वस्तु के साथ रखें, दूसरा प्रदर्शक अपने पास वस्तु को वापस लेने वक्त दिखाना अनिवार्य होगा।

# प्रदर्शनी प्रदर्श

वर्ग-1 **अगात किस्में-** 5 फल डंठल एवं पत्ता सहित
खंड-1 जर्दालू, खंड-2 मिठुआ, खंड-3 गुलाब खास, खंड-4 सुर्ख वर्मा
खंड-5 सुन्दर प्रसाद, खंड-6 जरदा, खंड-7 बम्बई, खंड-8 रानी पसन्द
खंड-9 गोपाल भोग, खंड-10 अन्य किस्में।
(सभी में अलग-अलग भाग ले सकते हैं)

वर्ग-2 **मध्यकालीन किस्में-** 5 फल डंठल एवं पत्ता सहित
खंड-1 लंगड़ा (मालदा), खंड-2 हेम सागर, खंड-3 अमन इब्राहिमपुर,
खंड-4 कृष्णभोग खंड-5 अलफेंजो, खंड-6 दशहरी, खंड-7 हुस्नेआरा,
खंड-8 खासुलखास खंड-9 बेनजीर, खंड-10 अबेहायात, खंड-11 अन्य किस्में।

वर्ग-3 **पिछात किस्में-** 5 फल डंठल एवं पत्ता सहित
खंड-1 फजली, खंड-2 सुकूल खण्ड, खंड-3 सीपीया, खंड-4 समरबहिस्त चौसा,
खंड-5 तैमुरिया, खंड-6 अन्य किस्में।

वर्ग-4 **संकर किस्में-** 5 फल डंठल एवं पत्ता सहित
खंड-1 महमूद बहार, खंड-2 प्रभा शंकर, खंड-3 मल्लिका, खंड-4 आम्रपाली, अन्य किस्में।

वर्ग-5 **आम की रंगीन किस्में-** 5 फल डंठल एवं पत्ता सहित

वर्ग-6 **वर्ग-5 आम बीजू-** 5 फल डंठल एवं पत्ता सहित
(छोटा अकार-5 से.मी. मंझौना 5-10 से.मी. बड़ा - 10 से.मी. से अधिक)
खंड-1 छोटा आकार खंड-2 मंझोला आकार, खंड-3 बड़े आकार

वर्ग-7 **आम के घरेलू/संस्थाओं/उद्यमियों द्वारा बनाए गए संरक्षित उत्पाद**
खंड-1 शर्बत-2 बोतल (200 मि. ली.), खंड-2 जैम 2 शीशी (200 ग्राम), खंड-3 अचार (तेल वाला)-15 फाँके, खंड-4 अचार (बिना तेलवाला) 15 फाँके, खंड-5 कच्चे फल का कूचा-मीठा या नमकीन 100 ग्राम, खंड-6 अमावट 100 ग्राम।

वर्ग-8 **कलमी बाम के पौधे-** नर्सरी एवं संस्थाओं के लिए 1-2 वर्ष के 3 पौधे।
खंड-1 साटा कलम द्वारा तैयार, खंड-2 वीनीयर ग्राफ्टिंग या स्टोन ग्राफ्टिंग द्वारा तैयार।

वर्ग-9 **आम का पैकिंग बॉक्स**

## संक्षिप्त कार्यक्रम

14 जून, 2024 : प्रदर्श राजभवन में जमा करने का समय अपराह्न 2 बजे - संध्या 6 बजे तक।

15 जून, 2024 : प्रातः 10 बजे बिहार आमोत्सव - 2024 का उद्घाटन।

15 जून, 2024 : प्रदर्शनी सर्वसाधारण के लिए पूर्वाह्न 11:30 बजे से संध्या 6 बजे तक खुली रहेगी।

15 जून, 2024 : अपराह्न 2:30 से संध्या 5:00 बजे तक आम उत्पादक किसान-क्रेता-प्रसंस्करणकर्त्ता एवं निर्यातक सम्मेलन।

16 जून, 2024 : प्रातः 10 बजे से संध्या 6 बजे तक प्रदर्शनी सर्वसाधारण के लिए खुली रहेगी।

16 जून, 2024 : पूर्वाह्न 11 बजे से आम उत्पादक कृषक-वैज्ञानिक वार्त्तालाप।

16 जून, 2024 : प्रदर्श की वापसी अपराह्न 6 बजे के बाद होगी।

### अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:

डॉ. मोहम्मद फ़िज़ा अहमद — निदेशक बीज एवं फार्म, बी.ए.यू., सबौर (मो. नं. 9473196203)

डॉ. एम. डी. ओझा — क्षेत्रीय निदेशक, ए.आर.आई., पटना (मो. नं. 7766076112)

डॉ. अहमर आफताब — अध्यक्ष, बागवानी (फल), बी.ए.सी., सबौर (मो. नं. 9934865167)

डॉ. दिवाकर चटर्जी — राजभवन, पटना (मो. नं. 9431426346)

जया शर्मा — उद्यान निदेशालय, पटना (मो. नं. 9113168902)

अपने जिले के संबंधित कृषि विज्ञान केन्द्र,
जिले के सहायक उद्यान निदेशक तथा परियोजना निदेशक आत्मा